<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29.05.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- **लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दुमका और, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विश्णुदेव साय ने गोड्डा में की चुनावी सभा, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने इंडी गठबंधन के लिए मांगा वोट।**
- **सातवें चरण के लिए कल शाम पांच बजे थम जाएगा प्रचार का शोर, एक जून को राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट।**
- **मतगणना को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन, स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा के कड़े इंतजाम।**
- **मुख्य सचिव एल. खियांगते ने राज्य में मादक पदार्थों का उत्पादन और इसके सेवन पर रोक लगाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों पर फ़ोकस करने की जरूरत पर दिया बल।**
- **राज्य के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार, मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू और चतरा में हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।**

****

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवघर जिले के सारठ विधानसभा के खागा में दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए वोट मांगा। उन्होंने चुनावी सभा के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया। श्री नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है।

****

राजमहल संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ताला मराण्डी के लिए छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पाकुड़ जिले के पाडरकोला मैदान में आयोजित्त विजय संकल्प जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा को वोट देने की अपील की। विजय संकल्प जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि पीएम नरेंद मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है।

****

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में आज गोड्डा में इंडी गठबंधन की स्टार प्रचारक और जेएमएम नेता कल्पना सोरेन ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। श्रीमती सोरेन ने जामताड़ा के वेना मैदान में पार्टी प्रत्याशी नलिन सोरेन के समर्थन में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन सरकार बनने का दावा किया।

****

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल दुमका में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। वे दुमका से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में वोट देने के लिए लोगों से अपील करेंगे।

****

इधर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने गोड्डा जिले का दौरा किया और भाजपा कार्यालय में प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि निशिकांत दुबे के कार्यों को देखकर यहां किसी भी तरह की एंटी इनकंबेंसी वोटिंग नहीं होगी बल्कि प्रो इनकंबेंसी वोटिंग होगी।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में निर्वाचन आयोग की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। 1 जून को राजमहल गोड्डा और दुमका लोकसभा सीट के लिए मतदान सुनिश्चित किया गया है। कल शाम 5 बजे चुनावी प्रचार का शोर थम जाएगा।

****

चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने आज वेयर हाउस जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी का भी निरीक्षण किया। चतरा लोक सभा सीट पर चुनाव के बाद सभी ईवीएम मशीनों को चतरा कॉलेज स्थित बनाए गए वज्र गृह में रखा गया है। वज्र गृह की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

****

धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि 4 जून को सुबह साढ़े छह बजे कृषि बाजार समिति में काउंटिंग एजेंट के सामने धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया, बोकारो और चंदनकियारी के स्ट्रांग रूम खोलने की प्रक्रिया शुरू होगी। सुबह आठ बजे से काउंटिंग शुरू की जाएगी।

****

गोड्डा जिले में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए भाजपा का धुंआधार प्रचार जारी है।

****

राज्य सरकार के सभी विभागों का राज्य में मादक पदार्थों के उत्पादन और सेवन की रोकथाम के लिए आज रांची में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में संबंधित विभाग ने अपनी कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मुख्य सचिव एल खियांगते ने कहा कि राज्य में मादक पदार्थों के उत्पादन और इसके सेवन पर रोक लगाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों पर फ़ोकस करने की ज़रूरत है। उन्होंने आम लोगों से भी इसमें भूमिका निभाने की अपील की।

****

राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत 1 जून से 10 जून 2024 तक आयोजित जन–जागरूकता कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग के सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में मलेरिया रोग से बचाव के लिए आम जन में जागरूकता लाने का निर्देश दिया गया।

****

जमीन रजिस्ट्री करने में भारी अनियमितता की शिकायत के बाद अपर समाहर्ता संतोष कुमार ने हजारीबाग रजिस्ट्री ऑफिस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद अपर समाहर्ता ने बताया कि पूरी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।. उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

****

लोहरदगा सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आज पीडीजे कार्यालय कक्ष में विभिन्न विषयों को लेकर जिला स्तरीय बैठक बुलाई गई। जिसमें उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

****

राज्य के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा में प्रचंड लू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में प्रचंड गर्मी का असर देखा जा रहा है। रांची में आज अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा।

**********समाप्त**********